# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

## दिनांक 12.10.2020

- **आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत शासन के निर्देशनुसार दिनांक 10.10.2020 से 16.10.2020 तक चलाया जा रहा है, विशेष सफाई अभियान,गंदगी फैलाने,मास्क न पहने पर लगेगा जुर्माना कटेगा चालान।**

शासन द्वारा आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत एवं कोविड़–19 तथा संचारी रोगो के परिपेक्ष्य में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया गया है। शासन द्वारा इस सम्बन्ध में पूरे नगर में सफाई की समुचित व्यवस्था, नाले/ नालियो की सफाई,शुद्व पेयजल की व्यवस्था,खुले में शौच मुक्ति,जल निकासी की समुचित व्यवस्था ,दवा छिड़काव, विशेष प्रचार–प्रसार अभियान तथा कोविड–19 के दृष्टिगत घोषित कन्टेनमेन्ट जोन विशेष सेनेटाईजेशन के साथ–साथ सड़को को गढ्ढामुक्त भी किया जाना है। इस अभियान के अन्तर्गत मास्क न पहने,गंदगी फैलाने एवं सार्वजनिक स्थलो पर थूकने, आदि के संबध में चालान काटने एवं उन पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की जानी है। शासन के निर्देशानुसार शाहजहॉपुर नगर में नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में विशेष अभियान की कार्यवाही की जा रही है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार निगम में कार्यरत सभी सफाई एवं खाद्य निरीक्षको द्वारा अपने–अपने क्षेत्र विशेष सफाई अभियान चला जा रहा है तथा इसका पर्यवेक्षण निगम के वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा किया जा रहा है। अभियान के 03 दिन के अन्तर्गत प्रतिदिन सफाई की समुचित व्यवस्था, नाले/ नालियो की सफाई,शुद्व पेयजल की व्यवस्था,खुले में शौच मुक्ति,जल निकासी की समुचित व्यवस्था ,दवा छिड़काव, विशेष प्रचार–प्रसार अभियान तथा कोविड–19 के दृष्टिगत घोषित कन्टेनमेन्ट जोन विशेष सेनेटाईजेशन के साथ–साथ सड़को को गढ्ढामुक्त की कार्यवाही की गई। इसके अन्तर्गत अब तक 07 स्थानो पर 26 मीटर में सड़क के गढ्ढे ठीक किये गये। मास्क न पहने,गंदगी फैलाने एवं सार्वजनिक स्थलो पर थूकने, आदि के संबध में अब तक 19 चालान काटे गये तथा रू0 2300 की धनराशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। इस अभियान के अन्तर्गत 150 से अधिक पेयजल से सम्बन्धित शिकायतो यथा हैन्डपम्प की मरम्मत,पाइप लाइन लीकेज एवं जलभराव वाले स्थलो का निस्तारण किया गया।

विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 12.10.2020 को निसरजई,काजीखेल,अलीजई, महमानशाह, अहमदपुर नियाजपुर में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 12.10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा, नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट ज़ोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।

उप नगर आयुक्त<br>
नगर निगम,शाहजहॉपुर<br>
12/10/20

Generated by CamScanner